# गया मैं अब तो जग से हार | By Sneha Sharma

इतने दु:ख दिए क्यों मुझको
सांवरिया सरकार
गया मैं अब तो जग से हार

जग वालों ने मुझे तड़पाया
रोते रोते दर तेरे आया
अपने पराये हो गए मेरे
हो गया हूँ लाचार
गया मैं अब तो जग से हार

दु:ख से दुखी हूँ शीश के दानी
सुनलो मेरी करुण कहानी
अर्ज़ी लाया हूँ मेरे बाबा
कर लेना स्वीकार
गया मैं अब तो जग से हार

हारे का अब तू ही सहारा
हार के मैंने तुम्हे पुकारा
दास रविंदर टूट ना जाए
कलयुग के अवतार
गया मैं अब तो जग से हार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%85%e0%a4%ac-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%9c%e0%a4%97-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-sneha-sharma/